## प्रेस नोट 01- दिनांक 17.11.2023
## एस.पी.सी./एस.पी.ई.एल सेल ,जनपद उन्नाव।

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेशानुसार जनपद में STUDENT POLICE EXPERIMENTAL LEARNING PROGRAMME (एस0पी0ई0एल0) चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद स्तर पर राजकीय महाविद्यालयों से स्नातक/ परास्नातक के विद्यार्थियों को चयनित करते हुए एस०पी०ई०एल० प्रोग्राम के तहत 30/60/90 दिवस का ईन्टर्नशिप प्रोग्राम चलाया जा रहा है। उक्त प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन / बीट पुलिसिंग / फुट पैट्रोलिंग / लॉ एन्ड ऑर्डर / प्रमुख त्यौहारों पर पुलिस की व्यवस्था / पब्लिक डीलिंग आदि के बारे में प्रशिक्षत किया जा रहा है।**

**आज दिनांक 17/11/2023 को राजकीय महाविद्यालय डी०एस०एन० कॉलेज उन्नाव और बाबू जयशंकर गया प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुमेरपुर बिहार से एस०पी०ई०एल० प्रोग्राम हेतु चयनित छात्र / छात्राओं को क्रमश: थाना कोतवाली सदर व थाना बिहार जनपद उन्नाव में संबन्धित प्रभारी निरीक्षक एवं दिवसाधिकारी द्वारा आगन्तुक पटल व महिला हेल्पडेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**



## • रिश्तेदार बनकर फ्रॉड करते हुए ट्रांसफर कराये गये 35,200/- रु0 की संपूर्ण धनराशि करायी गयी वापस

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रिश्तेदार बनकर पीड़िता के खाते फ्रॉड कर ट्रांसफर करायी गई 35200/- रु0 की संपूर्ण धनराशि साइबर सेल द्वारा पीड़िता के खाते में वापस करायी गयी।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनाँक 25.07.2023 को साइबर क्राइम सेल,जनपद उन्नाव में पीड़िता शीलू पुत्री राजकुमार निवासिनी सरोसा थाना अजगैन जनपद उन्नाव ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका का रिस्तेदार बनकर पीड़िता को फोन किया गया तथा कुल 35200/- रूपये फ्राड तरीके अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। आवेदिका के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल द्वारा फ्राड की गयी 35200/- की सम्पूर्ण धनराशि आवेदिका के खाते में वापस कराई गयी।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 राजबहादुर, प्रभारी साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।
2.मुख्य आरक्षी तरूण कुमार सिंह, साइबर क्राइम से,जनपद-उन्नाव।
3.आरक्षी शुभम तोमर, साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।
4.महिला आरक्षी कुन्ती अग्रवाल, साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।

# प्रेस नोट 03- दिनांक 17.11.2023
## साइबर सेल ,जनपद उन्नाव।

- **के.वाई.सी. अपडेट करने व क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर फ्रॉड कर 63,682/- रु0 की धनराशि करायी गयी वापस**

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में के.वाई.सी. अपडेट करने व क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर पीड़ित के खाते से फ्रॉड कर निकाले गये 1,87,000/- रु0 की धनराशि में से 63,682/- रु0 साइबर सेल द्वारा पीड़िता के खाते/क्रेडिट कार्ड में वापस कराये गये।**

संक्षिप्त विवरण- पीड़ित श्री विजय व्यास निवासी गदन खेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव ने दिनाँक 11.08.2023 व दिनाँक 15.10.2023 को साइबर क्राइम सेल,जनपद उन्नाव में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को काल करके के.वाई.सी. अपडेट करने के नाम पर 88000/- रूपये व क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 99000/- रूपये (कुल-187000/- रूपये) का फ्राड कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। आवेदक के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही कराते हुए साइबर सेल द्वारा फ्राड की गयी धनराशि में से 63,682/- रूपये आवेदक के खाते व क्रेडिड कार्ड में वापस कराये गये।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 राजबहादुर, प्रभारी साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।
2.मुख्य आरक्षी तरूण कुमार सिंह, साइबर क्राइम से,जनपद-उन्नाव।
3.आरक्षी शुभम तोमर, साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।
4.महिला आरक्षी कुन्ती अग्रवाल, साइबर क्राइम सेल,जनपद-उन्नाव।



प्रेस नोट 04- दिनांक 17.11.2023
थाना अचलगंज ,जनपद उन्नाव ।

## • रोड जाम कर यातायात बाधित करने व हंगामा करने वाले 09 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई धारा 151 सीआरपीसी की कार्यवाही

थाना अचलगंज पर दिनांक 16.11.2023 को सड़क रोककर जाम लगाना तथा हगामा कटाने वाले 1. प्रेमशंकर पुत्र गैंदालाल नि0 ग्राम भैंसई नौबस्ताथाना अचलगंज उन्नाव 2.अनूप कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद नि0 ग्राम राजापुर थाना अचलगंज उन्नाव 3.धर्मेन्द्र पुत्र कुंवरबहादुर नि0 शिववक्शखेडा थाना अचलगंज उन्नाव 4. विजय उर्फ रोहित पुत्र रामबाबू नि0 ग्राम भैंसई थाना अचलगंज उन्नाव 5. अरविन्द पुत्र कुंवरबहादुर नि0 शिवबक्शखेडा थाना अचलगंज उन्नाव 6.श्यामलाल पुत्र लक्ष्मण प्रसाद नि0 ग्राम राजापुर थाना अचलगंज उन्नाव 7.सत्यम पुत्र रमाकान्त नि0 ग्राम भैंसई नौबस्ता थाना अचलगंज उन्नाव 8.यशू पुत्र मेवालाल नि0 ग्राम राजापुर थाना अचलगंज उन्नाव 9.रमाकान्त पुत्र प्रेमशंकर नि0 ग्राम भैंसई थाना अचलगंज उन्नाव को गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी की कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

